टीएचडीसी इंजीनियरिंग ने जीती पेंटिंग प्रतियोगिता

देहरादून। वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) में आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता का खिताब टिहरी के टीएचडीसी हाइड्रो इंजीनियरिंग संस्थान के नाम रहा। संयुक्त राष्ट्र संघ की ओर से निर्धारित 17 सतत विकास के लक्ष्यों की थीम पर आधारित इंटर-कॉलेजिएट 'यूनिवर्सिटी वॉल पेंटिंग' प्रतियोगिता में विभिन्न संस्थानों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। वॉल पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले टीम को 7500 रुपये व दूसरा स्थान प्राप्त करने वाली महिला प्रौद्योगिकी संस्थान की टीम को छह हजार रुपये के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। विवि के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि विजेता टीम को सम्मानित किया। इस अवसर पर विवि के कुलसचिव डॉ. सत्येन्द्र सिंह, वित्त नियंत्रक विक्रम सिंह जंतवाल, डॉ. एसके चौहान, डॉ. वीके पटेल, डॉ. महक पाठक आदि मौजूद रहे। संवाद